आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :442 पृष्ठ -4 दिनांक 02 अप्रेल 2025 दिन बुधवार

## कुंभ मेले के दौरान वायरल मोनालिसा को अपनी फिल्म में रोल देने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा (45) को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार

महाकुंभ के दौरान सोशल मीडिया पर वायरल हुई मोनालिसा को फिल्म में काम का ऑफर देकर चर्चा में आए निर्देशक सनोज मिश्रा ने झांसी निवासी युवती से यहां के एक रिसॉर्ट में दुष्कर्म किया था। पीड़िता की ओर से एफआईआर दर्ज कराने के बाद आरोपी निर्देशक को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद इसका खुलासा हुआ।झांसी निवासी 28 साल की युवती ने फिल्म अभिनेत्री बनने के लिए निर्देशक सनोज मिश्रा से संपर्क किया था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि करीब पांच साल पहले 2020 में इंस्टाग्राम के जरिए उसकी सनोज मिश्रा से जान-पहचान हुई थी। सनोज ने उसे फिल्मों में काम दिलाने का वादा किया। कुछ समय तक उनके बीच इंस्टाग्राम पर चौटिंग होती रही। इसके साथ सनोज 17 जून 2021 को झांसी आया। सनोज ने उसे रेलवे स्टेशन पर मिलने के लिए बुलाया, लेकिन उसने इन्कार कर दिया।उसके इनकार करने पर सनोज जान से मारने की देने की धमकी देने लगा। उसके बुलाने पर 18 जून 2021 को वह सनोज से मिली। सनोज उसे झांसी के एक रिसॉर्ट में ले गया। यहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद शादी का झांसा देकर अलग-अलग जगह बुलाकर दुष्कर्म किया। उसके साथ मारपीट की। इसके बाद फरवरी में उसे छोड़ दिया। युवती की तहरीर पर दिल्ली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया। युवती के परिजन झांसी में ही रहते हैं। उन्होंने इस बारे में बात करने से इनकार कर दिया। कुंभ मेले के दौरान वायरल हुई मोनालिसा को अपनी फिल्म



में रोल देने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा (45) को दुष्कर्म के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस ने उसे रविवार को गाजियाबाद से दबोचा। दिल्ली हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद यह कार्रवाई हुई है।युवती का आरोप है कि मुंबई निवासी मिश्रा ने बीते चार साल में उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। यही नहीं, मिश्रा ने उसे तीन अलग-अलग मौकों पर गर्भपात के लिए मजबूर किया। शिकायतकर्ता ने बयान में कहा कि वह मिश्रा के साथ सहमति संबंध में रहती थी और बाद में वह शादी के वादे से मुकर गया। मामले में दिल्ली के नबी करीम थाने में मिश्रा के खिलाफ 8 फरवरी को केस दर्ज किया गया था।एफआईआर के मुताबिक, आरोपी पीड़िता को नबी करीम के होटल में लेकर गया और यहां उसके साथ संबंध बनाए और फिर छोड़ दिया। उसे धमकी भी दी कि अगर शिकायत दर्ज कराई तो वह उसके अश्लील वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा।युवती की शिकायत के आधार पर मध्य दिल्ली के नबी करीम पुलिस थाने में सनोज मिश्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। दिल्ली पुलिस के एक बयान के अनुसार, 6 मार्च, 2024 को दुष्कर्म, मारपीट और गर्भपात कराने और धमकी देने सहित कई धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 164 के तहत एक बयान के दौरान अपने आरोपों का समर्थन भी किया। पुलिस मुजफ्फरनगर से कथित गर्भपात से संबंधित चिकित्सा साक्ष्य जुटाने में सफल रही।बयान में कहा गया कि जांच के दौरान मुजफ्फरनगर से उसके (शिकायतकर्ता महिला) दावों का समर्थन करने वाले चिकित्सकीय रिकॉर्ड प्राप्त किए गए। साथ ही दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। पुलिस ने बताया कि सनोज मिश्रा को 30 मार्च को गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने पुष्टि की कि वह विवा. हित हैं और उनका परिवार मुंबई में रहता है।

### नवरात्रि के पंचम दिन

चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि



2अप्रैल 2025, बुधवार को है। मां स्कंदमाता का स्वरूप- मां स्कंदमाता के स्वरूप की बात करें तो मां की गोद में स्कंद देव विराजमान हैं। मां कमल के आसन पर विरा. जमान हैं, जिसके कारण मां स्कंदमाता को पद्मासना देवी भी कहा जाता है। मां का वाहन सिंह है।

### Facebook और Instagram यूजर्स को देने होंगे पैसे ? Meta ने बढ़ाई लोगों की टेंशन

फेसबुक और इंस्टाग्राम दोनों ही प्लेटफॉर्म दुनियाभर में सबसे ज्यादा यूज किए जाते हैं। भारत में इसके इस्तेमाल करने को लेकर कोई शुल्क नहीं लिया जाता है, लेकिन अब आपको फेसबुक और इंस्टाग्राम को इस्तेमाल करने के लिए पैसे भी देने होंगे। जी हां, दरअसल, फेसबुक और इंस्टाग्राम के मालिक कंपनी डमजं ब्रिटेन में उन यूजर्स के लिए एक सब्सक्रिप्शन मॉडल लाने की तैयारी कर रहा है, जो अपने फीड में ऐड नहीं देखना चाहते हैं। ऐसे में अब कंपनी ब्रिटेन में भी इसी तरह की सेवा को शुरू करने की तैयारी कर रही है।दरअसल, डमजं के इस नए विचार के पीछे एक कानूनी मामला था जिसकी वजह से कंपनी को ये फैसला लेना पड़ा। कंपनी के इन ऐड की वजह से एक ब्रिटिश नागरिक काफी परेशान थी। उसने व्यक्तिगत ऐड दिखाना बंद करने पर सहमति जताई थी। यह मामला लंदन के हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए था, लेकिन डमजं ने मुकदमे से बचने के लिए इसे सुलझा लिया और एक नई स्कीम निकाली। लोगों का साथ देंगे, जो ऑनलाइन टार्गेटेड विज्ञापनों पर आपत्ति जताना चाहते हैं।

## उत्तराखंड में 8 से 10 मई के बीच हो सकते हैं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव



उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं. हरिद्वार जिले को छोड़कर बाकी सभी जिलों में 8 से 10 मई के बीच पंचायत चुनाव कराए जाने की संभावना है. इसके लिए 17 से 20 अप्रैल के बीच अधिसूचना जारी होने की उम्मीद है. विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सरकार चुनाव कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए जल्द ही एक महत्वपूर्ण बैठक करेगी.ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद सरकार ने निवर्तमान ग्राम प्रधानों और जिला पंचायत अध्यक्षों को प्रशासक नियुक्त कर दिया है. इन प्रशासकों का कार्यकाल सीमित अवधि के लिए है. विभाग के अनुसार, प्रशासक के रूप में नियुक्त जिला पंचायत अध्यक्षों का कार्यकाल 1 जून को समाप्त हो जाएगा, जबकि ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 10 जून को खत्म होगा. ऐसे में सरकार चुनावी प्रक्रिया को मई में संपन्न कराने की तैयारी में है. पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पंचायत चुनाव की अधिसूचना अप्रैल के तीसरे सप्ताह यानी 17 से 20 अप्रैल के बीच जारी हो सकती है. इसके बाद चुनाव की प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाएगा. विभाग की योजना के अनुसार, 8 से 10 मई के बीच मतदान कराए जाने की संभावना है.चुनाव कार्यक्रम के साथ ही पंचायतों में आरक्षण तय करने की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी. अधिकारियों के मुताबिक, चुनावी अधिसूचना जारी होने से पहले पंचायतों में आरक्षण की स्थिति स्पष्ट कर दी जाएगी, ताकि प्रत्याशी अपने क्षेत्रों में तैयारियां शुरू कर सकें. आरक्षण प्रक्रिया में पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की जाएंगी.प्रदेश सरकार इस संबंध में जल्द ही एक महत्वपूर्ण बैठक करने जा रही है, जिसमें त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर फैसला लिया जाएगा. इस बैठक में चुनाव कार्यक्रम, सुरक्षा व्यवस्था, मतदाता सूची और अन्य आवश्यक तैयारियों पर चर्चा होगी.विभागीय सूत्रों के अनुसार, हरिद्वार जिले में इस बार पंचायत चुनाव नहीं होंगे, क्योंकि यह क्षेत्र अलग निर्वाचन प्रक्रिया के तहत आता है. यहां चुनाव बाद में कराए जाएंगे.पंचायत चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं. संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान कर वहां सुरक्षा बलों की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी.प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं. अप्रैल के तीसरे सप्ताह में अधिसू. चना जारी होने के बाद 8 से 10 मई के बीच मतदान संपन्न हो सकता है. आरक्षण प्रक्रिया को भी अधिसूचना जारी होने से पहले पूरा कर लिया जाएगा. विभागीय अधिकारियों का कहना है कि चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी जरूरी तैयारियां की जा रही हैं.

## भाषा विवाद पर सीएम योगी ने दिया तीखा जवाब



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाषा को लेकर की जा रही राजनीति की आलोचना की और कहा कि जिन राज्यों के नेता इस विवाद को हवा दे रहे हैं, वे राज्य पिछड़ते जा रहे हैं। सीएम योगी ने एक न्यूज एजेंसी के साथ एक साक्षात्कार में यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश में रोजगार के बड़े अवसर पैदा हो रहे हैं और इस तरह की संकीर्ण राजनीति युवाओं की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकती है।मुख्यमंत्री ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में रोजगार के नए अवसर खुल रहे हैं, नौ. करियां सृजित की जा रही हैं। जो लोग भाषा को लेकर विवाद पैदा कर रहे हैं, वे अपने राजनीतिक हितों को पूरा कर सकते हैं लेकिन एक तरह से युवाओं के लिए रा. `जगार के अवसरों पर प्रहार कर रहे हैं।जब उनसे पूछा गया कि क्या वह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन का जिक्र कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा, ''वो कोई भी हों, वे यही कर रहे हैं। यही कारण है कि ये राज्य धीरे-धीरे पिछड़ते जा रहे हैं।'' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, ''उनके पास कोई अन्य मुद्दा नहीं है और वे अपने राजनीतिक हितों को हासिल करने के लिए भावनाओं को भड़का रहे हैं।'' आदित्यनाथ ने कहा कि तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, बंगाली या मराठी जैसी भाषाएं राष्ट्रीय एकता की आधारशिला बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार अपने छात्रों को तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, बंगाली और मराठी जैसी भाषाएं सिखा रही है। उन्होंने पूछा, ''क्या इससे उत्तर प्रदेश किसी भी मायने में छोटा हो गया? क्या यह उत्तर प्रदेश को कमतर करके दिखाता है?'' मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी का मानना है कि हिंदी का सम्मान होना चाहिए लेकिन भारत ने त्रिभाषा फार्मूला अपनाया है। आदित्यनाथ ने कहा, ''यह त्रिभाषा फार्मूला सुनिश्चित करता है कि क्षेत्रीय भाषाओं को भी समान सम्मान मिले। हर भाषा की अपनी विशेषता होती है जो राष्ट्रीय एकता की आधारशिला बनती है।'' उन्होंने कहा कि हर क्षेत्रीय भाषा की अपनी लोक परंपराएं और कहानियां होती हैं जो राष्ट्र की विविधता को सामने लाती हैं और इसे मजबूत बनाती हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि 'काशी तमिल संगमम' पहल इसका सबसे अच्छा उदाहरण है क्योंकि यह भारत की सबसे पुरानी भाषाओं तमिल और संस्कृत को एक साथ लाता है।

## समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले पर प्रतिक्रिया दी

सुप्रीम कोर्ट ने घरों को 'अमानवीय और अवैध' रूप से गिराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और प्रयागराज विकास प्राधिकरण को फटकार लगाई है.कोर्ट की सख्ती पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है. सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा- सुप्रीम कोर्ट का ये आदेश स्वागत योग्य है कि प्रयागराज में 2021 में हुए एक बुलडोजर एक्शन पर सभी 5 याचिकाकर्ताओं को प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा 6 सप्ताह में 10-10 लाख मुआवजा दिया. इस मामले में कोर्ट ने नोटिस मिलने के 24 घंटे के भीतर मकान गिरा देने की कार्रवाई को अवैध घोषित किया है. सपा चीफ ने लिखा- सच तो ये है कि घर केवल पैसे से नहीं बनता है और न ही उसके टूटने का जख्म सिर्फ पैसों से भरा जा सकता है. परिवारवालों के लिए तो घर एक भावना का नाम है और उसके टूटने पर जो भावनाएं हत होती हैं उनका न तो कोई मुआवजा दे सकता है न ही कोई पूरी तरह पूर्ति कर सकता है. परिवारवाला कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!प्रधानमंत्री बनेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ? पहली बार दिया खुलकर जवाब, कहा- राजनीति मेरे लिए.बता दें प्रयागराज में बुलडोजर से घरों को गिराने पर उच्चतम न्यायालय ने कहा, ''यह हमारी अंतरात्मा को झकझोरता है. आश्रय का अधिकार और कानून की उचित प्रक्रिया नाम की भी कोई चीज होती है

## नोएडा सेक्टर 18 की बिल्डिंग में लगी भीषण आग, लोगों ने कूद कर बचाई जान

उत्तर प्रदेश स्थित गौतमबुद्धनगर में नोएडा सेक्टर 18 में एक बिल्डिंग में आग लग गई. यह घटना मंगलवार, 1 अप्रैल को हुई. समाचार लिखे जाने तक आग लगने की घटना की वजह के बारे में जानकारी नहीं मिली सकी थी.बिल्डिंग से लोग कूदते हुए नजर आ रहे हैं. फायर विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई है. कमर्शियल बिल्डिंग के एक शोरूम में आग लगी है. फायर विभाग की टीम आग को बुझाने में जुटी है. मौके पर मौजूद दमकल कर्मियों ने बताया कि हमारी प्राथमिकता लोगों की जान बचाना और आग पर काबू पाना है. इसके बाद नुकसान का आकलन किया जाएगा. दमकल कर्मियों ने कुछ लोगों को अंदर से भी निकाला. जो लोग अंदर फंसे हुए थे वह लोग मुंह पर गमछा बांध कर या रुमाल रख बाहर की ओर आए.दमकल ने हाईड्रोलिक का इस्तेमाल कर बिल्डिंग की मंजिल पर कर्मियों को पहुंचाया और आग बुझाने का काम जारी है.

## पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को जवाब, कहा- राजस्व बढ़ा लेकिन नियमों की अनदेखी भी हुई

उत्तराखंड में खनन को लेकर जारी बयानबाजी के बीच पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के बयान पर पलटवार किया है. पूर्व सीएम ने कहा कि प्रदेश में खनन से राजस्व में जरूर वृद्धि हुई है, लेकिन इसके साथ ही नियमों की अनदेखी और पर्यावरणीय क्षति भी हो रही है. उन्होंने सरकार को अधिक राजस्व संग्रहण के लिए बधाई दी, लेकिन साथ ही खनन गतिविधियों पर सख्ती बरतने की जरूरत भी बताई.बता दें कि हाल ही में विधानसभा सत्र के दौरान पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अवैध खनन और उससे हो रहे नुकसान का मुद्दा उठाया था. इस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि प्रदेश में खनन पूरी तरह नियमों के तहत हो रहा है. लेकिन इसके विपरीत, खनन से सरकार का राजस्व बढ़ा है, जो यह साबित करता है कि प्रदेश में खनन पारदर्शिता और नियमों के अनुसार हो रहा है.महेंद्र भट्ट के इस बयान पर पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मुस्कुराते हुए तंज कसा. उन्होंने कहा, ष्यह बात सही है कि राजस्व बढ़ा है और इसके लिए मैं सरकार को बधाई देता हूँ.उन्होंने कहा कि सरकार को पर्यावरणीय क्षति और जनहानि पर भी ध्यान देना चाहिए. पूर्व सीएम ने उदाहरण देते हुए कहा कि खनन में कई बार मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन होता है. भारी वाहनों का ओवरलोडिंग और तय सीमा से अधिक खनन नियमों का उल्लंघन कर किया जाता है, जिससे सड़कों को नुकसान होता है और हादसों की आशंका भी बढ़ जाती है.पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि खनन गतिविधियों से राजस्व बढ़ना निश्चित रूप से अच्छी बात है, लेकिन इसकी आड़ में प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन नहीं होना चाहिए. उन्होंने कहा कि पहाड़ी राज्य में अवैध खनन नदियों, जंगलों और भू-क्षेत्र को नुकसान पहुंचा रहा है. इससे भविष्य में जल संकट और भूमि क्षरण जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं.उन्होंने सरकार से मांग की कि खनन गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग हो और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए.त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि सरकार को खनन से राजस्व बढ़ाने के साथ ही जनहित को प्राथमिकता देनी चाहिए. उन्होंने कहा कि खनन से संबंधित सभी नियमों का पालन किया जाना जरूरी है, ताकि पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहे और लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके.पूर्व सीएम ने सरकार से आग्रह किया कि खनन गतिविधियों पर सख्त निगरानी की जाए. उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग और अवैध खनन पर नकेल कसने के लिए सख्त नियमावली बनाई जानी चाहिए. ताकि सड़क हादसे और बुनियादी ढांचे को होने वाले नुकसान को रोका जा सके.पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के बयान ने खनन को लेकर सरकार के रवैये पर सवाल खड़े कर दिए हैं. जहां प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट खनन को नियमों के तहत बताते हुए राजस्व वृद्धि को सफलता बता रहे हैं, वहीं त्रिवेंद्र सिंह रावत ने इसके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों को लेकर चिंता जताई है. उन्होंने सरकार से खनन नीति की समीक्षा कर नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है.

# हाथरस जिले के सासनी के बरसे में स्थित श्री हरि कोल्ड स्टोरेज में भीषण आग लग गई



हाथरस जिले के सासनी के बरसे में स्थित श्री हरि कोल्ड स्टोरेज में भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। कोल्ड स्टोरेज में करोड़ों रुपए का किराना सामान रखा हुआ था।चौंबर से अचानक आग की लपटें निकलने के बाद अफरा–तफरी मच गई। कोल्ड स्टोरेज के मालिक सोनू अग्रवाल को जैसे ही घटना की जानकारी मिली, वे तुरंत मौके पर पहुंच गए।फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और सीओ आर.के. राजपूत के नेतृत्व में अग्निशमन अधिकारी लगातार आग बुझाने का प्रयास करते रहे। अग्निशमन दल ने ऑक्सीजन सिलेंडर का भी बार–बार इस्तेमाल किया। लेकिन दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका।मा. लिक सोनू अग्रवाल ने बताया कि उन्हें आग लगने के कारणों का पता नहीं है। सुबह जब उन्हें लोगों ने घटना की सूचना दी तो वे सन्न रह गए। घटना की जानक. ारी मिलते ही आसपास के अन्य कोल्ड स्टोरेज के मालिक भी मौके पर पहुंच गए। दमकल की टीम लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी हुई है।

## चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दलवीर सिंह रावत ने फीता काटकर रैली का शुभारंभ किया

सासनी में संचारी एवं दस्तक अभियान की शुरुआत हो गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दलवीर सिंह रावत ने फीता काटकर रैली का शुभारंभ किया।अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक चलेगा। इस दौरान डॉ. रावत ने लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि घरों के आसपास पानी जमा न होने दें।फुल बाजू के कपड़े पहनें और सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। बुखार आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकों की सलाह लें। बिना सलाह के कोई दवाई न खाएं। कार्यक्रम में कैलाश चंद को एलए में नोडल अधिकारी नामित किया गया। स्वास्थ्य सेवा शिक्षा अधिकारी चतुर सिंह ने यह नियुक्ति की। रैली में डॉ. पावस कुशवाहा, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. अलका, डॉ. सचिन, कैलाश चंद, अनिल कुमार जायसवाल, असलम अख्तर खान, नेम सिंह, राहुल कुमार, सरिता गुप्ता, हेमलता, खुशबू और रेणु सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## हाथरस में स्कूल चलो अभियान का आगाज डीएम और विधायकों ने किया शुभारंभ, बच्चों को बांटी किताबें

हाथरस में स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत हो गई है। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में नए सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्र–छात्राओं का तिलक और माला पहनाकर स्वागत किया गया। प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर, दर्शना रोड और संविलियन विद्यालय हतीसा के नए छात्रों को पुस्तकें वितरित की गईं।जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने कहा कि शैक्षिक सत्र–2025 के लिए स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान को शासन की मंशा के अनुरूप चलाया जाएगा। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि एक भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे।हरी झंडी दिखाकर किया रवाना कार्यक्रम में जिलाधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर, सिकंदराराऊ विधायक वीरेंद्र सिंह राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्कूलों के शिक्षक–शिक्षिकाएं और छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि पर रोक की मांग हाथरस में अभिभावकों ने सौंपा ज्ञापन, NCERT किताबें लगाने की भी मांग

हाथरस में एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस वृद्धि के खिलाफ कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा। उपजिलाधिकारी मनीष चौधरी को यह ज्ञापन दिया गया।संगठन के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण वार्ष्णेय ने कहा कि प्राइवेट स्कूल संचालक अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। हर साल पाठ्यक्रम बदलकर और मनमानी फीस वृद्धि करके अभिभावकों पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। स्कूल चुनिंदा दुकानों से ही किताबें खरीदने को मजबूर करते हैं। उन्होंने बताया कि यूपी सरकार ने 2018 में स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय शुल्क निर्धारण अध्यादेश लागू किया था। इसके बावजूद स्कूल इसका उल्लंघन कर रहे हैं। अध्यादेश के अनुसार, फीस वृद्धि का आधार शैक्षणिक सत्र 2015–16 होना चाहिए। लेकिन 2025–26 तक फीस लगभग दोगुनी कर दी गई है। संगठन ने मांग की है कि:– पाठ्यक्रम बदलने पर रोक लगाई जाए– NCERT की किताबें लगाई जाएं– फीस वृद्धि 2015–16 के आधार पर की जाए– अध्यादेश का उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की जाए।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद.ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेन्द्र गोयल, जिलाध्यक्ष उपवेश कौशिक, समाजसेवी रवि चौहान समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## आगरा–अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरौस टोल प्लाजा के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ

आगरा–अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरौस टोल प्लाजा के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ। रात करीब 8:15 बजे सड़क पर घूम रहे आवारा गोवंश से एक बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक और एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए।युवक टेढ़ी बगिया का रहने वाला है। वह बच्ची को लेकर सादाबाद से आगरा जा रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को आगरा के जेके अस्पताल में भर्ती कराया।परिजनों के मुताबिक बच्ची को मामूली चोटें आई हैं और वह होश में है। वह डॉक्टरों और परिजनों से बातचीत कर रही है। हालांकि युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वह अभी भी बेहोश है। डॉक्टर उसे होश में लाने का प्रयास कर रहे हैं। सादाबाद तहसील में शाम होते ही आवारा गोवंश सड़कों पर आ जाते हैं। ये अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए।

## सासनी विद्यापीठ इंटर कॉलेज और प्राथमिक विद्यालय नगला जाटव में नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ हुआ

सासनी विद्यापीठ इंटर कॉलेज और प्राथमिक विद्यालय नगला जाटव में नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ हुआ। प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने छात्र–छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। बच्चों को खीर और टॉफी का वितरण भी किया गया।प्रधानाचार्य डॉ. राजीव कुमार अग्रवाल ने नए सत्र को आशाओं और संभावनाओं से भरा बताया। उन्होंने कहा कि इस सत्र में सभी को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति और ज्ञान की सीमाओं को पार करने के लिए प्रतिबद्ध रहना होगा।उन्होंने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह ज्ञान और कौशल प्रदान करती है। शिक्षा से बेहतर इंसान और उपयोगी नागरिक बनते हैं।कार्यक्रम में कक्षा 9 के छात्रों को परीक्षाफल भी वितरित किए गए। इस अवसर पर अरुण कुमार कौशिक, संजय कुमार, राजीव कुमार, भारत सिंह समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। प्रधान अध्यापक दयाराम, उमेश कुमारी और बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं भी उपस्थित थे।

## हाथरस के मुरसान गेट स्थित बौहरे वाला बाग में एक हनुमान मंदिर से बदमाश चोरी कर गए



हाथरस के मुरसान गेट स्थित बौहरे वाला बाग में एक हनुमान मंदिर से बदमाश चोरी कर गए। बदमाशों ने मंदिर का ताला तोड़कर वहां से कीमती सामान और नकदी चुरा ली। चोरों ने मंदिर से दो घंटे, दो गदा और मुकुट चुरा लिए। इसके अलावा हजारों रुपए की नकदी भी ले गए।बदमाशों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी उखाड़ लिया। मंदिर के पुजारी सनी गोस्वामी ने सुबह जब मंदिर पहुंचे तो ताला टूटा हुआ था। मंदिर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। पुजारी ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।पुजारी के अनुसार यह पहली बार नहीं है जब मंदिर में चोरी हुई है। इससे पहले भी मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास के इलाके में पूछताछ कर रही है।

## 1 अप्रैल को मूर्ख दिवस मनाते थे काका हाथरसी

1 अप्रैल है, हास्य व्यंग्य के आका कवि काका हाथरसी ने एक अप्रैल को एक अनोखी परंपरा शुरू की थी। उन्होंने 1959 से महामूर्ख सम्मेलन का आयोजन करना शुरू किया। इस सम्मेलन में गधे को मंच पर लाकर उसकी पूजा की जाती और जूतों की माला पहनाई जाती थी।काका हाथरसी ने अपनी रचनाओं में श्मूर्खिस्तानश की कल्पना की थी। उन्होंने एक कविता में लिखा – षमिटा देंगे सबका नामो–निशान, बना रहे नया राष्ट्र मूर्खिस्तान।ष उनकी कल्पना में मूर्खिस्तान के राष्ट्रपति श्तानाशाह ढपोलशंखश होंगे। मंत्रिमंडल में खट्टा सिंह, लट्ठा सिंह, खाऊ लाल और झपट्टा सिंह जैसे मंत्री होंगे। रक्षा मंत्री के रूप में मेजर जनरल मच्छर सिंह की नियुक्ति होगी। काका ने मूर्खिस्तान के लिए पांच चकार बताए – चाकू, चप्पल, चाबुक, चिमटा और चिलम। उनके अनुसार मूर्खिस्तान का राष्ट्रीय पशु गधा और राष्ट्रीय पक्षी उल्लू या कौआ होगा। राष्ट्रीय खेल कबड्डी या कनकौआ होगा। राष्ट्रीय गान मूर्ख चालीसा और राजधानी शिकारपुर होगी।महामूर्ख सम्मेलन में लोगों को मूर्खरत्न, मूर्खश्री, मूर्खभूषण जैसी उपाधियों से सम्मानित किया जाता था। काका का मानना था कि यह सम्मेलन धड़ेबंदी, गुटबंदी, ईर्ष्यावाद और निंदावाद को समाप्त करेगा। आज ओडपुरा स्थित काका हाथरसी स्मारक भवन में शाम को 4 बजे महामूर्ख सम्मेलन होगा। इसमें उपाधियां भी दी जाएंगी।

## सासनी स्थित कंकाली मंदिर में मंगलवार को हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

सासनी स्थित कंकाली मंदिर में मंगलवार को हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए लंबी कतारें लग गईं। पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था को सुचारू रूप से संभाला।मंदिर में नवरात्रि और सोमवार को विशेष पूजा–अर्चना का आयोजन होता है। इस दौरान दूर–दराज से श्रद्धालु मां के दर्शन करने आते हैं। सोमवार को मेला भी लगता है।स्थानीय श्रद्धालु सावित्री देवी के अनुसार भक्त यहां मन्नतें मांगते हैं। उनका कहना है कि मां कंकाली सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य सुनती हैं। मंदिर में सुबह से हवन–यज्ञ का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी सुनील कुमार बताते हैं कि सैकड़ों वर्षों से मां कंकाली भक्तों पर कृपा बनाए हुए हैं। मां के दरबार से कोई भक्त खाली हाथ नहीं लौटता। सोमवार को मंदिर का विशेष महत्व है।







### पीड़ित ध्यान दें

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

**मो. 8218049162**

email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

# बुजुर्ग मां के लाल ने गोली मारकर मौत को लगाया गले ,माँ यह सदमा ना झेल पाई तो माँ की भी हार्ट अटैक से मौत

**कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत**

बुजुर्ग मां के लाल ने गोली मारकर मौत को लगाया गले। माँ यह सदमा ना झेल पाई तो माँ की भी हार्ट अटैक से मौत।ऐसी कहानी बहुत सुनी जाती हैं कि पत्नियों की टेंसनें मौत का कारण बन जाती हैं । पति पत्नी में झगड़ा हुआ ,पति ने खुद को गोली मार ली और मौत हो गई, मां के लाडले बेटे की मौत की सूचना पाते ही मां ने भी सांसे छोड़ दी। बेटे के बाद मां ने भी त्यागे प्राण, परिवार दुखी है।जनपद कासगंज गंजडुंडवारा थानाक्षेत्र के बनखण्डी मोहल्ला का पूरा मामला जहां बहुत बड़ी घटना सामने आई है जहां एक मां ने अपने बेटे की मौत की खबर सुनकर अपने प्राण त्याग दिए। 60 वर्षीय महिला ने जब यह सुना कि बेटे ने सामली में अपनी ही लाइसेंसी रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है तो माँ को सदमा लगा और मौत हो गई। सामली से पोस्टमार्टम के बाद बेटे का शव आने से पहले ही मां के शव का अंतिम संस्कार




कर दिया। अफसोस कि अपने लाडले बेटे से बेपनाह प्यार करने वाली मां आखिरी बार अपने बेटे का चेहरा ना देख पाई उससे पहले मां ने भी प्राण त्याग दिए। जितेंद्र कुमार पुत्र कुमरपाल जो बनखण्डी मौहल्ला का निवासी था जितेंद्र की उम्र लगभग 30 साल थी । जितेंद्र सामली में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। जितेंद्र की फोन पर बात करते हुए अपनी पत्नी से कुछ कहासुनी हो गई। बस इसी बात से जितेंद्र गुस्सा हो गया और अपनी लाइसेंसी रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जितेंद्र के दो बेटे और एक बेटी हैं। दो मौतों से पूरा परिवार बहुत दुखी है।

# एटा के मलावन थाना क्षेत्र में एक किसान की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई

एटा के मलावन थाना क्षेत्र में एक किसान की झोपड़ी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटें और धुआं देखकर आसपास के ग्रामीण और जल जीवन मिशन के तहत काम कर रहे मजदूर मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया।पीड़ित किसान धर्मेंद्र ने बताया कि वह अपने बच्चों के साथ गेहूं की फसल काट रहा था। इसी दौरान झोपड़ी में आग लग गई। आग में उनकी नकदी, जेवरात और घर का राशन जलकर राख हो गया।घटना की सूचना मिलते ही मलावन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एटा के उपजिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है। उन्होंने पीड़ित किसान को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। नुकसान का आकलन करने के लिए राजस्व टीम को मौके पर भेजा जा रहा है।

# जलेसर का प्राचीन चामुण्डा शक्तिपीठ:सैकड़ों वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र, नवरात्र में उमड़ती है भीड़

जलेसर–सादाबाद मार्ग पर स्थित माँ चामुण्डा शक्तिपीठ सैकड़ों वर्षों से भक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। नवरात्र के दौरान यहाँ दूर–दूर से श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आते हैं।मंदिर में माँ चामुण्डा के साथ शिव–पार्वती, गणेश, बजरंगबली, दुर्गा देवी और शनिदेव की मूर्तियाँ भी स्थापित हैं। प्रतिदिन सुबह–शाम माँ का श्रृंगार और आरती होती है। नवरात्र के सप्तमी को विशेष पूजा–अर्चना का आयोजन किया जाता है।मार्कंडेय पुराण में वर्णित है कि माँ चामुण्डा ने दैत्य चण्ड–मुण्ड का संहार कर शुंभ–निशुंभ को पराजित किया। पौराणिक मान्यता के अनुसार, यह स्थान शक्तिपीठ है। यहाँ एक प्राचीन कुआं है, जहाँ से माँ चामुण्डा सहित चार देवी मूर्तियाँ प्रकट हुई थीं।मंदिर की वर्तमान महंत भूदेवी का परिवार पांच पीढ़ियों से यहाँ सेवा कर रहा है। प्रत्येक सोमवार को यहाँ विशेष भीड़ रहती है।



भक्त दूध, नारियल, बताशा, पेड़ा, चुनरी, सिंदूर, लाल–सफेद उड़हुल फूल, अगरबत्ती और कपूर चढ़ाते हैं।श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहाँ पूजा करने से मनो. कामनाएं पूर्ण होती हैं और कष्टों से मुक्ति मिलती है। माँ के दरबार में उपासना से रूप, जय और यश की प्राप्ति होती है। यह मंदिर स्थानीय और आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल बना हुआ है।

# एटा में मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत

एटा में मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत हुई। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, भाजपा विधायक विपिन वर्मा डेविड और पालिका अध्यक्षा सुधा गुप्ता ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई। रैली में स्कूली बच्चों ने बैनर–पा. ‵स्टर के साथ नारेबाजी की। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान राहगीरों और दुक. ानदारों को डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से बचाव के पर्चे बांटे गए।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. यूके त्रिपाठी ने बताया कि यह अभियान एक महीने तक चलेगा। इसमें स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय और



शिक्षा विभाग की भागीदारी रहेगी। शासन ने जिले को संचारी रोगों से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है।नगर पालिका पूरे जिले में सफाई अभियान चलाएगी। नालियों की सफाई, कूड़ा निस्तारण और एंटी लारवा दवा का छिड़काव किया जाएगा। जिला अस्पताल में इन बीमारियों की जांच और इलाज की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है।स्थानीय लोगों ने इस जागरूकता अभियान की सराहना की। रैली में भाग लेने वाली स्कूली छात्रा काजल ने कहा कि उन्होंने सीखा कि घरों के आसपास गंदगी नहीं फैलानी चाहिए। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि शासन के निर्देश पर अप्रैल माह में यह अभियान चलाया जा रहा है।

# एटा जिले के बागवाला थाना क्षेत्र में छछैना हाइवे पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा

एटा जिले के बागवाला थाना क्षेत्र में छछैना हाइवे पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक की पहचान बागवाला थाना क्षेत्र के मैनाठेर निवासी अनेक सिंह (34) के रूप में हुई है। वह मंगलवार सुबह अपनी बाइक से किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।घायल अवस्था में अनेक सिंह को एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। चिकित्सकों ने परीक्षण के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंचे। थाना प्रभारी मलावन रोहित राठी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

# कासगंज: SP ने पीआरवी टीम को किया सम्मानित, आत्महत्या करने जा रही महिला की बचाई थी जान

कासगंजरू शहर की आवास विकास कॉलोनी में फांसी के फंदे पर लटककर 35 वर्षीय महिला ने जान देने का प्रयास किया था। सूचना मिलने पर समय से पहुंची पीआरवी टीम ने महिला को फंदे से उतारकर उसकी जान बचा ली। पुलिस कर्मियों की चर्चा जिले भर में हो रही है। मंगलवार को एसपी ने पीआरवी टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।द. रअसल, शहर की आवास विकास कॉलोनी में सोमवार दोपहर कॉल पर सूचना मिली थी कि एक 35 वर्षीय महिला कमरे में बंद होकर फांसी के फंदे से आत्महत्या करने की कोशिश कर रही है। कॉल मिलते ही पीआरवी 3670 घटनास्थल की ओर दौड़ पड़ी। फंदे पर झूल रही महिला को उतार लिया गया और आत्महत्या के प्रयास के बारे में जानकारी ली गई। महिला ने पुलिस टीम को आत्महत्या का कारण गृह क्लेश



बताया।पीआरवी टीम के कार्य की जिले भर में सराहना होने लगी। मंगलवार को एसपी अंकिता शर्मा ने पीआरवी टीम को अपने कार्यालय में बुलाया, जहां उन्होंने यूपी 112 पीआरवी के हेड कांस्टेबल हरीश कुमार और होमगार्ड पुष्पेंद्र कुमार को प्रश. स्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इससे पुलिस कर्मियों का हौसला बढ़ा। एसपी ने कहा कि ऐसे पुलिस कर्मियों से अन्य पुलिस कर्मियों को सीख लेनी चाहिए।

# कासगंज में डायल–112 पुलिस ने सुसाइड कर रही महिला को 3 मिनट में बचाया

कासगंज में डायल–112 पुलिस ने सुसाइड कर रही महिला को 3 मिनट में बचाया। पुलिस कमरे का दरवाजा तोड़कर कमरे में घुसी। फंदा खोलकर उसे नीचे उतारा। इसके बाद उसकी काउंसलिंग की गई।पुलिस ने उससे पूछा– आत्महत्या क्यों कर रही थी? महिला ने बताया– पति मेरे साथ रोज मारपीट करते हैं। मैं पारिवारिक कलह से परेशान हूं। इसलिए जान दे रही थी। घटना कासगंज थाना क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी की है।आवास विकास कॉलोनी में सुनीता अपने पति देवेंद्र के साथ रहती है। पति देवेंद्र खेती करता है। दोनों का कोई बच्चा नहीं है। दोनों पति पत्नी में काफी दिनों से विवाद चल रहा था। सुनीता कई बार आत्महत्या करने की धमकी दे चुकी है। सोमवार को सुनीता और उसके पति के बीच काफी विवाद हुआ। इसके बाद दोपहर 3 बजे सुनीता अपने कमरे में गई और फंदा लगाने लगी।तभी पति को इसका पता चला। उसने दरवाजा खुलवाने की कोशिश की, लेकिन पत्नी ने दरवाजा नहीं खोला। पति ने खिड़की से देखा तो पत्नी फंदा लगाती हुई दिखी। उसने घटना की सूचना डायल–112 पुलिस को दी। फोन करने के 3 मिनट के अंदर 112 की पीआरबी वैन मौके पर पहुंच गई।पुलिसकर्मी हरीश कुमार और चालक पुष्पेंन्द्र कुमार महिला के घर पहुंचे। तुरंत दरवाजा तोड़कर कमरे के अंदर पहुंचे। तब तक महिला फंदा लगा चुकी थी, बस झूलने ही वाली थी। तभी पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ा और फंदे से उतारा। दोपहर 3रू10 बजे पत्नी को फंदा लगाता देख पति ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। 3रू11 पर सूचना मिलते ही डायल 112 मुख्यालय ने नजदीक की पीआरवी 3670 को घटना की सूचना दी। पीआरवी वैन महिला के घर से 200 मीटर की दूरी पर थी। सूचना मिलते ही पीआरवी के हेड कांस्टेबल हरीश चौधरी और ड्राइवर पुष्पेंद्र 3 मिनट के अंदर ही महिला के घर पहुंच गए। बिना देरी किए दरवाजा तोड़ते हुए कमरे में पहुंचे। पुलिस ने पति–पत्नी का समझौता करा दिया है। मुजफ्फरनगर में हनीमून से लौटकर आई दुल्हन को पति ने घर से निकाल दिया। कहा– 50 लाख रुपए लेकर आओ, तभी घर में घुसने देंगे। इसके बाद दुल्हन ससुराल के बाहर टेंट लगाकर धरने पर बैठ गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। करीब 2 घंटे तक दरवाजा खुलवाने की कोशिश करती रही, लेकिन ससुराल वालों ने दरवाजा नहीं खोला

# कासगंज: युवक के कानों में लगी ईयरफोन और हो गया हादसे का शिकार

कासगंज  सोमवार की देर संध्या बरेली–कासगंज रेलवे ट्रैक पर एक 17 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के कानों में फोन की ईयरलीड लगी हुई थी, जिससे आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत पटरी पर टहलते समय हुई है। मृतक शहर के मुहल्ला जयजयराम का रहने वाला प्रेमकुमार था।बरेली–कासगंज रेलवे ट्रैक पर यह हादसा अमांपुर फाटक से मात्र 100 मीटर की दूरी पर सोमवार को साढ़े सात बजे के करीब हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक कटने के बाद मौके पर कानों में मोबाइल की लीड लगी हुई थी और पास में मोबाइल पड़ा हुआ था।उन्होंने बताया कि युवक कान में लीड लगाकर मोबाइल पर गाने सुनते हुए टहल रहा था, तभी ट्रेन की चपेट में आ गया। पुलिस ने शिनाख्त कराने के काफी प्रयास किए, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। उसके शव को कब्जे में लेकर 72 घंटे के लिए पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया,  वह शहर के मुहल्ला जयजयराम की रामबली कॉलोनी का रहने वाला जयकिशन का 17 वर्षीय बेटा प्रेमकुमार था। परिजनों ने बताया कि वह सोमवार की शाम को घर से खाना खाकर टहलने के लिए गया था, जहां वह ट्रेन की चपेट में आकर कट गया। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की मां कुसमा देवी और बड़े भाई रजत, रोहित, धीरज का रो–रोकर बुरा हाल है।

# रेलवे कर्मियों ने स्थानांतरित आरपीएफ प्रभारी राम प्रताप सिंह को फूलमाला, स्मृति चिंन्ह व शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मानित किया

**कासगंज संवावदाता इंद्रपाल राजपूत**  आरपीएफ बैरिक पर आयोजित कार्यक्रम में आरपीएफ जवान व रेलवे कर्मी शाम को एकत्रित हुए। रेलवे कर्मियों ने स्थानांतरित आरपीएफ प्रभारी राम प्रताप सिंह को फूलमाला, स्मृति चिंन्ह व शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मानित किया। वहीं नवागत आरपीएफ प्रभारी प्रभारी नरेश कुमार मीना को भी सम्मानित किया।मुख्य अतिथि मंडल चिकित्साधीक्षक डॉ.सौरभ डांढियाल ने कहा कि उन्होंने आरपीएफ प्रभारी ने सभी रेलवे कर्मियों संग तालमेल के साथ पोस्ट पर कार्य किया। नवागत आरपीएफ प्रभारी ने कहा कि रेलवे कर्मियों के सहयोग से जंक्शन पर अपराध को नियंत्रण किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह ने किया।इस स्टेशन अधीक्षक मनोज शर्मा, सीनियर सेक्शन इंजीनियर राकेश गौतम, रेलवे ओबीसी एसोसिएशन इज्जतनगर मंडल मंत्री सतीश चंद्र पाल, शाखा मंत्री सत्येंद्र, भागचंद मीना, एसआई भारती तोमर, रामनरेश मीना, रोहिताश मीना, सचिन कुमार, प्रवीन कुमार, प्रबल प्रताप सिंह, अभिषेक बहारदुर, कर्मवीर सिंह सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# चौत्र नवरात्रि में अष्टमी एवं राम नवमी के दिन राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों, देवी मंदिरों, वाल्मीकि मंदिरों व शक्ति पीठों पर होंगें धार्मिक आयोजन

## एम ने जिला, तहसील व ब्लॉक स्तरीय समिति गठित कर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए दिए दिशा–निर्देश

अलीगढ़ (प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए विशेष अभियान मिशन शक्ति 5.0 चलाया जा रहा है। इसी क्रम में चौत्र नवरात्रि में मॉ दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि विधान से पूजा की जाती है और महिलाओं एवं बालिकाओं की सहभागिता के साथ अनेक संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बालि. काओं एवं महिलाओं की सहभागिता सु. निश्चित करते हुए महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा लागू किये गये कानूनों का वृहद वृहद रूप से प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि चौत्र नवरात्रि में अष्टमी एवं श्रीराम नवमी के अवसर पर जिले के राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों, देवी मंदिरों, वाल्मीकि मंदिरों व शक्ति पीठों का चयन करते हुए मंदिरों में सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार–प्रसार व जनसामान्य को इससे जोड़ते हुए अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चिन्हित मंदिरों एवं शक्तिपीठों पर जिला, तहसील एवं विकास खण्ड स्तरीय कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए समितियों का गठन कर दिया गया है।नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गठित जिलास्तरीय समिति में अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम, नगर आयुक्त द्वारा नामित सहायक नगर आयुक्त, सहायक निदेशक सूचना सदस्य एवं क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी को सदस्य सचिव नामित किया गया है। संबंधित उपजिला मजिस्ट्रेट्स की अध्यक्षता में गठित तहसील स्तरीय समिति में पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को सदस्य व तहसीलदार को सदस्य सचिव नामित किया गया है। इसी प्रकार संबंधित खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित ब्लॉक स्तरीय समिति में प्रभारी पुलिस थाना एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत को सदस्य व सहायक विकास अधिकारी पंचायत को सदस्य सचिव नामित किया गया है।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि उपरोक्त समितियॉ अपने से सम्बन्धित क्षेत्र में राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों, देवी मंदिरों, वाल्मीकि मंदिरों, शक्तिपीठों का चयन कर समस्त कार्यक्रम मिशन शक्ति के अनुरूप स्थानीय जनसहभागिता के साथ आयोजित कराएं। उन्होंने बताया कि स्थानीय कलाक. ारों का चयन संस्कृति विभाग की ई–डायरे. क्टरी के लिंक https://artistdirectoryup-culture-com/ से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि चौत्र नवरात्रि व रामनवमी के उपलक्ष्य में चयनित मंदिरों में 05 अप्रैल अष्टमी के दिन प्रातः 11:00 बजे से 06 अप्रैल रामनवमी के दिन प्रातः 11:00 बजे तक भव्यपूर्ण देवी गायन, दुर्गा सप्तशती पाठ, अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन स्थानीय भजन मण्डलियों, कीर्तन मण्डलियों का चयन करते हुए किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सांस्कृतिक आयोजन स्थल पर साफसफाई, पेय जल, सुरक्षा, ध्वनि प्रकाश एवं दरी बिछावन की व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करा ली जाये और सभी आयोजन स्थलों पर सक्षम स्तर से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त करते हुए आयोजन सुनिश्चित कराये जायें। उन्होंने गठित समितियों को निर्देशित किया कि वह आयोजन स्थल का पता, फोटो, जीपीएस लोकेशन व कार्यक्रम प्रबन्धक का सम्पर्क नम्बर, कलाकारों का नाम, पता एवं मोबाइल नम्बर, कार्यक्रमों का विवरण एवं फोटोग्रास संस्कृति विभाग के पोर्टल https://upculture-up-nic-in/hi/Navratri–2025 पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# जिलाधिकारी ब्लॉक संसाधन व्यक्तियों (बीआरपी) का 04 अप्रैल को करेंगे साक्षात्कार

अलीगढ़ : जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में 04 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से विकास भवन सभागार में ब्लॉक संसाधन व्यक्तियों (बीआरपी) पद के लिए प्राप्त अर्ह आवेदकों का साक्षात्कार किया जाएगा।जिला विकास अधिकारी आलोक आर्य ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में जिलास्तर पर बीआरपी का पैनल तैयार किया जाना है, जिसके लिए 03 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे से विकास भवन सभागार में बीआपी पद के लिए प्राप्त आवेदनों एवं संलग्नक प्रपत्रों का सत्यापन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि सत्यापन के उपरांत अर्ह एवं अनर्ह आवेदकों की सूची सांय 04 बजे विकास भवन सूचना पट पर चस्पा की जाएगी। उन्होंने बताया कि सूची के अनुचार अर्ह आवेदकों का साक्षात्कार 04 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से जिलाधिकारी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने समस्त आवेदकों से आव्हान किया है कि 03 अप्रैल को जारी होने वाली अर्हता सूची के अनुसार 04 अप्रैल को होने वाले साक्षात्कार में निर्धारित समय व स्थान पर सभी आवश्यक प्रपत्रों समेत उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# मा0 मुख्यमंत्री जी ने बरेली से स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ



अलीगढ़ शिक्षा के महत्व को जन–जन तक पहुँचाने और सभी बच्चों को स्कूल से जोड़ने के उद्देश्य से पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय एलमपुर में श्स्कूल चलो अभियानश्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह, मा0 एमएलसी डॉ0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 विधायकगण श्री अनिल पराशर, श्रीमती मुक्ता संजीव राजा, श्री राजकुमार सहयोगी, मा0 जिला महामंत्री श्री शिव नारायण शर्मा, चेयरमैन नगर पंचायत पिसावा श्री ललित कुमार, डीएम संजीव रंजन, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह उपस्थित रहे। यह अभियान विशेष रूप से उन बच्चों को शिक्षा से जोड़ने पर केंद्रित है, जो किसी कारणवश विद्यालय नहीं जा पा रहे हैं। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी ने बरेली से स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया, जिसका कार्यक्रम में एलईडी के माध्यम से सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। मा0 एमएलसी डॉ0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह गुरुजी ने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार है और यह अभियान उन्हें स्कूल तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण प्रयास है। पहले खाकी रंग का हाफ पैंट–शर्ट पहने हुए विद्यार्थी रेलवे कर्मचारी की भांति दिखते थे, पैर में चप्पल नहीं होती थी। विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं नहीं थी। आज परिवर्तन देखने को मिल रहा है, अब विद्यालय भवन चाहरदीवारी, बिजली, पानी एवं अन्य सुविधाओं से युक्त हैं। पीने का पानी, शौचालय की व्यवस्था कायाकल्प के माध्यम से की गई है। हमारा विद्यार्थी किसी कॉन्वेंट से कम दिखाई नहीं पड़ता है। विद्यालयों में नवाचार के माध्यम से बच्चों को सिखाया पढ़ाया जा रहा है। सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की बयार बह रही है।मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह ने कहा कि 2017 के बाद प्रदेश की दशा–दिशा बदलने का कार्य मुख्यमंत्री योगी जी द्वारा किया गया है। अब बच्चों के माता–पिता को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। पाठ्य पुस्तकों से लेकर स्कूल ड्रेस, जूते, मोजे, स्वेटर सभी निःशुल्क दिए जा रहे हैं। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जा रहा है। मा0 विधायक इगलास श्री राजकुमार सहयोगी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। आगे चलकर वह राष्ट्र निर्माता बनेंगे। अध्यापकों की जिम्मेदारी है कि बच्चों को राष्ट्र निर्माण, नैतिक शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी दें। मा0 विधायक कोल श्री अनिल पाराशर ने कहा कि आज का दिन शिक्षा के नवीन सत्र का प्रथम दिन है। 2017 से प्राथमिक शिक्षा में आमूल चूल क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिला है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ ही माहौल और प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिक शिक्षा के प्रति संकल्पबद्धता एवं प्रतिबद्धता इस बात से परिलक्षित होती है कि यह स्वयं स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ कर रहे हैं। उन्होंने अध्यापकों एवं अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि 6 वर्ष के ऊपर का बच्चा विद्यालय से बाहर नहीं रहना चाहिए। विद्यालयों में कायाकल्प होने के उपरांत नामांकन की स्थिति में काफी सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होंने आरबीएसके की टीम को निर्देशित किया कि वह विद्यार्थियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करें। जब बच्चे स्वस्थ्य होंगे तभी देश स्वस्थ्य होगा। पीएमश्री विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों, अभिभावकों और समाजसेवियों की उपस्थिति रही। इस दौरान जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें बच्चों को स्कूल में नामांकन कराने हेतु प्रेरित किया गया। सीडीओ द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे मिड–डे मील, मुफ्त यूनिफॉर्म, किताबें और छात्रवृत्ति का लाभ उठाने के लिए भी अभिभावकों को जानकारी दी गई।

# जनशिकायत पर बड़ा एक्शन–दोदपुर नगर निगम सरकारी क्वाटरों में बिना अनुमंति रहना पड़ेगा मंहगा




नगर आयुक्त ने तलब किया नगर निगम आवासों में कब से अध्यासित, किराया, ब्याज, गृहकर, जलकर, ड्रेनेज कर, जलमूल्य व यूजर चार्जेज का ब्यौरा।जन शिकायतों पर नगरायुक्त ने दिए प्रभावी कार्यवाही के निर्देशनगर निगम के दोदपुर सिविल लाइन थाने के पीछे बने सरकारी आवासों में बरसों से कब्जा किये अन्य विभागों के लोगों के विरूद्ध नगर निगम अब बड़ी कार्यवाही करने जा रहा है एक जनशिकायत पर सुनवाई करते हुये नगर आयुक्त विनोद कुमार ने सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह को नगर निगम के इन सरकारी क्वाटरों में कई कई सालों से बिना अनुमंति, किराये के रहने वाले सभी अनाधिकृत कब्जा व अध्यासन को नोटिस देने और 7 दिन के पश्चात् अवैध कब्जा करने वाले लोगों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाई के लिये रहने वाले लोगों के विभागों को कार्यवाही के लिये पत्र लिखने का निर्णय लिया है।मंगलवार को अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह मुख्य अभियंता सुरेश चन्द्र के साथ जनसुनवाई करते हुये नगर आयुक्त विनोद कुमार ने दोदपुर स्थित नगर निगम के सरकारी क्वाटरों में अवैध कब्जा करने वालों पर कार्यवाई के लिए सहायक नगर आयुक्त को नोटिस देने के निर्देश दिये है।नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा अनाधिकृत कब्जाध्अध्यासन को नोटिस जारी कर कितने सालो से रहने, किराये, हाउस टैक्स वाटर टैक्स यूजर चार्जेज कब कब जमा किया गया है और आवंटन कब व किसको हुआ का विवरण मांगा जा रहा है नोटिस प्राप्ति के 7 दिवस में अगर कोई संतोषजनक उत्तर नही मिलता है तो नगर निगम अपनी सम्पत्ति को खाली कराने के लिये स्वतंत्र होगा व अवैध रूप से कब्जा करने वाले अथवा रहने वाले लोगों के संबंधित विभागों को विभागीय कार्रवाई के लिए पत्र भी नगर निगम लिखेगा।ज. नसुनवाई में शिकायतकर्ता वीके गुप्ता ने लाइट ठीक कराने के संबंध में नौदेवी, नवीन कुमार,नवीन वाष्णेय,कृपाल सिंह एवं फिरोज अहमद ने ग्रहकर आपत्ति के संबंध मे अशोक कुमार ने ग्रहकर के बिल मे नाम डलवाने के सम्बन्ध मे काशिम शमी ने सफाई कराने के संबंध मे तरुण खंडेलवाल ने चौक सीवर लाइन को खुलवाने के संबंध में भी समस्या बतायी नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा निर्धारित अवधि में नोटिस का जवाब न मिलने पर विभागीय अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

# डीएम एवं सीडीओ ने अटल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

अलीगढः जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने मंगलवार को अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, शिक्षण व्यवस्था एवं छात्रों के रहन–सहन की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालय परिसर की स्वच. छता, कक्षाओं की स्थिति, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास, छात्रावास एवं भोजन व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को आवश्यक निर्देश के साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए सुझाव भी दिए। डीएम ने विद्यालय में हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की सराहना की और कहा कि अटल आवासीय विद्यालय गरीब एवं वंचित वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया कि वे छात्रों की हरसंभव सहायता सुनिश्चित करें और समय–समय पर उनकी जरूरतों का आकलन करें। डीएम ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।



सीडीओ ने छात्र–छात्राओं से संवाद कर उनकी शिक्षा, खानपान और अन्य जरूरतों के बारे में जानकारी लेते हुए समस्याओं के बारे में भी जानकारी लेते हुए प्रधानाचार्य को समस्याएं दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि यहां पढ़ने वाले छात्र भविष्य में सफल नागरिक बन सकें। सीडीओ ने जिलाधिकारी की ओर इशारा करते हुए बच्चों से सवाल किया कि यह कौन हैं इस पर बच्चों से कहा कि श्डीएम सरश्। सीडीओ ने फिर पूछा कि डीएम कौन होता है इस पर बच्चों ने कहा कि श्जिले का मालिकश्। सीडीओ ने बच्चों से गणित संबंधी अन्य सवाल भी पूछे जिनका उन्होंने बेबाकी से जवाब दिया। इस अवसर पर डीएलसी सियाराम, एएलसी शेर सिंह, सहायक अभियंता दिशा अग्रवाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापकगण सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के अंत में डीएम एवं सीडीओ ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# श्री नेमिनाथ गिरनार अहिंसा धर्म पद यात्रा का अलीगढ़ में प्रथम वार आगमन पर हुआ ऐतिहासिक भव्य स्वागत

मंगलवार को खिरनी गेट स्थित श्री लख्मीचंद पांड्या खंडेलवाल दिगम्बर जैन ट्रस्ट परिसर में श्री नेमि– गिरनार अहिंसा धर्म पद यात्रा का प्रथम वार आगमन पर भव्य स्वागत जैन समाज ने किया। उससे पूर्व यह यात्रा जी. टी. रोड से प्रातरू सूतमिल चौराहा,ट्यू. बबेल कॉलोनी नुमाइश ग्राउंड,रसलगंज होते हुए माल गोदाम के सामने राना पेट्रोल पम्प पहुंची। जहां प्रतिष्ठाचार्य राकेश भैया जी के सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में एकत्रित जैस समाज ने यात्रा का भव्यता के साथ स्वागत किया। तत्पश्चात यह यात्रा 108 फीट लंबे राष्ट्रीय ध्वज एवं 1008 फिट लंबे पचरंगा जैन ध्वज के साथ जैन तीर्थों के संरक्षण लिखे स्लोगन की तख्तियां हाथ में लिए समाज के महिला पुरुष बच्चे गाजे बाजे से गांधी पार्क चौराहा,दुबे का पड़ाव , मदार गेट,हाथरस अड्डा होते हुए खिरनी गेट बाग वाले मंदिर पहुंची। बजरंगबल के गौरव शर्मा, आहुति के अशोक चौधरी ने अपनी टीम के साथ फूलों की वर्षा करते हुए यात्रा का स्वागत किया।सकल जैन समाज समन्वय समिति के पदाधिकारियों ने दिल्ली से विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन एवं उनकी पूरी टीम का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलन संजय जैन,जगवीर किशोर जैन पूर्व एमएलसी,विजय कुमार जैन सेठ संस ने किया। वहीं इस यात्रा के लिए अपना शुभकामना संदेश लेकर डॉ.मानवेंद्र प्रताप सिंह सदस्य विधान परिषद पहुंचे। दोपहर विश्राम के पश्चात इस यात्रा का खिरनी गेट बाग वाले जैन मंदिर पर शहर विधायक मुक्ता राजा ने हरी झंडी दिखाकर आगरा की ओर रवाना किया। यात्रा का रात्रि विश्राम मडराक स्थित संजीवनी हॉस्पिटल के पास प्रेम रॉयल रिजॉर्ट पर होगा। पत्रकार वार्ता में विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि 101 दिवसीय 1500 किमी.लंबी इस यात्रा का उद्देश्य जैन तीर्थों के संरक्षण के लिए जैन समाज को एकजुट जागरूक करना है। इस यात्रा का समापन 2 जुलाई को गुजरात राज्य के जूनागढ़ जिले के जैन तीर्थ गिरनार पर्वत की पांचवीं टोंक पर जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर श्री नेमीनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक दिवस पर निर्वाण लाडू चढ़ाकर होगा।राजीव जैन एवं मुनेश जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नरेश कुमार जैन,सुरेश कुमार जैन गढ़ी,प्रद्युम्न कुमार जैन,नरेंद्र कुमार जैन,विजय जैन पारस,कैलाश चन्द्र जैन , ओम प्रकाश जैन , ज्ञानेंद्र कुमार जैन,मुकेश जैन ,गौरव जैन ,हेमंत जैन ,रामकुमार जैन ,प्रशांत जैन ,कपूर चंद्र जैन ,राजीव जैन छिपेटी, डॉ पी.के.जैन,अजय कुमार जैन ,विकास जैन , निषिध जैन ,संजीव जैन एडवोकेट एवं भारी संख्या में जैन समाज के महिला पुरुष बच्चे उपस्थित रहे।